# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / प्रयो0 / 791
दिनांक : 23/7/2022

## अति आवश्यक / शीर्ष प्राथमिकता

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों की विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की परीक्षायें सम्पन्न कराकर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकतर महाविद्यालयों / संस्थानों के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं किन्तु निम्नलिखित महाविद्यालयों / संस्थानों के आन्तरिक / प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किये जाने के कारण दिसम्बर–2021 का परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया जा सका है। ऐसे महाविद्यालयों / संस्थानों का विवरण इस प्रकार है :– 002, 003, 004, 019, 050, 058, 063, 071, 086, 091, 1003, 1021, 1040, 1131, 119, 1222, 147, 180, 225, 239, 250, 324, 351, 386, 438, 441, 663, 664, 683, 686, 697, 811, 818, 866.

विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 की आन्तरिक / प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक पोर्टल पर अपलोड किये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1707, दिनांक 21.12.2021, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 1723, दिनांक 30.12.2021, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 08, दिनांक 06.01.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 186, दिनांक 26.02.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 340, दिनांक 22.04.2022, विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 532, दिनांक 31.05.2022 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / प्रयो0 / 630, दिनांक 21.06.2022 जारी की जा चुकी हैं किन्तु इसके बावजूद भी उक्त महाविद्यालयों / संस्थानों द्वारा आन्तरिक / प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किया जाना खेद का विषय है और छात्र / छात्राओं के हितों के प्रति सर्वथा प्रतिकूल है। उक्त स्थिति पर मा0 कुलपति महोदया द्वारा रोष प्रकट किया गया है।

अतः उक्त महाविद्यालयों / संस्थानों से पुनः अपेक्षा है कि आन्तरिक परीक्षाओं एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से प्रत्येक दशा में 03 कार्य दिवसों में पोर्टल पर अपलोड कर परम्परागत पाठ्यक्रमों के अंकपर्णो की दो प्रतियॉं (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के अंकपर्णों की दो प्रतियाँ (कुलसचिव प्रति एवं टेबुलेटर प्रति) व्यावसायिक पाठ्यक्रम विभाग (कमरा नं0–308) में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि इन महाविद्यालयों / संस्थानों का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा सके।

27.7.2022

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, वेब साईट / कम्प्यूटर सेल / परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सोफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. प्रभारी / सहा0 कार्यालय अधीक्षक व्या0पाठ्य0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक